

# स्वावलम्बी भारत अभियान

उद्यमिता • स्वरोजगार • नौकरियाँ




## विचार पत्रक

(Concept Note)

स्वावलम्बी भारत अभियान (MySBA) - डिजिटल



# विचार पत्रक
(Concept Note)

## स्वावलम्बी भारत अभियान (एस.बी.ए.)

यह वर्ष भारत की आजादी का अमृत महोत्सव है। स्वतंत्र भारत ने एक परिपक्व एवं मजबूत लोकतंत्र के रूप में विश्व में अपनी पहचान बनाई है। इस दौरान जहाँ हम अपने किसानो के अथक परिश्रम से कृषि एवं दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर बनें, वहीं दुसरी ओर हमारी युवा मेधा शक्ति व वैज्ञानिको ने डिजिटल टेक्नोलॉजी, दूरसंचार, रक्षा एवं अंतरिक्ष विज्ञान में नए-नए आविष्कारो से दुनिया भर में अपना लोहा मनवाया। एक सशक्त व समृद्ध भारत के लिए आज समाज में व्याप्त बेरोजगारी की समस्या का निदान कर सभी युवाओ को समुचित आजीविका के साधन उपलब्ध करवाना आज समय की माँग है। बेरोजगारी व गरीबी मुक्त भारत के लिए स्वरोजगार एवं उद्यमिता को एक जन आंदोलन बनाना ही समाधान है।

बड़े और बेहतर समाधान के लिए SBA ने भारत के युवाओं के लिए MySBA (डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म) की शुरुआत की है। इसका उद्देश्य जागरुकता पैदा करना, युवाओं को चुनौतियों का सामना करने, और अपने परिवेश में बदलाव लाने के लिए प्रेरित करना है।

MySBA *डिजिटल प्लेटफॉर्म* का उपयोग कर विश्व में जहाँ - जहाँ भारतीय युवाओं को रोजगार के अवसर हैं, उन्हें भी इस माध्यम से चिन्हित कर रोजगार के अवसरों में वृद्धि करना है।

“MySBA स्वरोजगार, कृषि, कृषि मूल्य सवर्धन, एफ.पी.ओ., उद्यमिता, सहकारिता एवं स्टार्टअप आदि के बारे में लोगों में जागरुकता फैलाने की एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका मुख्य लक्ष्य 2030 तक भारत के प्रत्येक नागरिक को रोजगार प्रदान करना और राष्ट्र को स्वावलम्बी बनाना है।”




### रोजगार और उद्यमिता के लिए क्वाड्रा मॉडल (Quadra Model)

- स्थानीय स्तर पर आगे बढ़ने के लिए विकेंद्रीकरण (decentralization)
- स्वदेशी उत्पादों के उपयोग को बढ़ाने के लिए वोकल फॉर लोकल
- उद्यमिता और कौशल विकास
- सहकार आधारित उद्यमिता, एफ.पी.ओ., एस. एच.जी. को प्रोत्साहन



### रोजगार और उद्यमिता विकास के लिए त्रि-स्तरीय योजना

- स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार एवं उद्यमिता के उपक्रमों को प्रोत्साहन
- जिला रोजगार सृजन केंद्र का निर्माण
- युवाओं को उद्यमिता के लिए मानसिक परिवर्तन का जनजागरण अभियान

## उद्यमिता के लिए सहयोग

*स्वदेशी जागरण मंच* ने सामाजिक जीवन में कार्य करने वाले सभी सामाजिक, आर्थिक और धार्मिक संगठनो का सहयोग लेकर युवाओ के सन्दर्भ में यह *"आर्थिक सशक्तिकरण"* का जन आंदोलन खड़ा करने का निर्णय लिया है, जिसका नाम है *"स्वावलम्बी भारत अभियान"* (MySBA)

यह अभियान युवाओ को स्वरोजगार व उद्यमिता की और अग्रसर करने का ठोस प्रयास है।

*इस अभियान का डिजिटल स्वरूप होगा* - MySBA

## स्वरोजगार

स्वरोजगार करने के लिए ज्यादा शिक्षा या किसी प्रकार की डिग्री की आवश्यकता नहीं होती है। कोई भी, कहीं भी शुरुआत कर सकता है, भारत विविध प्रतिभाओं से भरा है और विभिन्न कला रूपों की खान है। हमें अपनी छिपी प्रतिभा को सामने लाना है और एक आत्मनिर्भर राष्ट्र की ओर एक छोटा कदम उठाना है।

हम एक ऐसा मंच तैयार करें, जहां नौकरी तलाशने वाले और नौकरी देने वाले आरामदायक स्तर पर बातचीत कर सकें।

## उद्देश्य

•हमारा मिशन नवीनतम रास्ते तलाश कर एक पूर्ण रोजगार वाला देश बनाना है।

•भारत में शून्य गरीबी रेखा लाना

•हमारा आर्थिक मिशन 2030 तक भारत को 10 ट्रिलियन की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए हमारे युवाओं की पूरी क्षमता का उपयोग करना।

•कृषि उद्योग, मूल्यवर्धन और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग पर जोर

•हमारा मिशन उद्यमिता और स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सबसे बड़ा डिजिटल मंच बनाना है।

•राष्ट्र की सेवा करने के इच्छुक युवाओं और स्वयंसेवकों का एक समर्पित नेटवर्क बनाना।

•सहकारिता के अवसरों का विकास।

•युवा फर्स्ट, स्वदेशी मस्ट कि अवधारणा।

•*MySBA एक वेब पोर्टल और "अंडर वन अम्ब्रेला मॉडल" वाला एक डिजिटल इकोसिस्टम है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI), डिजिटल सर्विलांस और ई-कॉमर्स के माध्यम से संभावित उद्यमियों, और स्व-रोजगार की तलाश में लगे युवाओं को सुविधा प्रदान करता है।*

•*MySBA का एक उद्देश्य भारत ही नहीं विश्व्यापी ऐसे युवाओ का एक डिजिटल इकोसिस्टम विकसित करना है जो डिजिटल स्वयसेवक, कार्यकर्ता एवं समर्पित पूर्णकालिक कार्यकर्ता के माध्यम से देश को गरीबी मुक्त, समृद्धि एवं पूर्ण रोजगार युक्त देखना चाहते है।*

## MySBA डिजिटल इकोसिस्टम की प्रमुख विशेषताएं हैं

• बैकवर्ड और फॉरवर्ड एकीकरण की अवधारणा।

•रोजगार केंद्रित अर्थव्यवस्था।

• आईओटी आधारित विनिर्माण और एआई-आधारित नियंत्रण।

•शहरी और ग्रामीण इकोसिस्टम।

• लक्ष्य आधारित कार्य और समयबद्ध प्रतिबद्धता।

•यह समर्पित युवाओ के सहयोग से संचालित।

•आर्थिक दृष्टि से स्वावलम्बी एवं स्वपोषित तंत्र।




*"MySBA डिजिटल इकोसिस्टम छोटे हितधारकों, युवा उद्यमियों और वैश्विक उपभोक्ताओं के लिए एक एंड-टू-एंड समाधान होगा। इसमें सूचना, संवेदनशील और समर्थन पर ध्यान केंद्रित करने वाली तीन स्तरीय प्रणाली शामिल होगी। यह मंच शहरी और ग्रामीण युवाओं के लिए अपने उद्यमशीलता के प्रयासों के माध्यम से निर्यात के लिए उत्पादों को विकसित करने और बनाने के लिए आजीविका के अवसरों के नए द्वार खोलेगा।*

*MySBA डिजिटल इकोसिस्टम समान विचारधारा वाले व्यक्तियों और संस्थानों के साथ भी सहयोग करेगा जो युवाओं को उनके कैरियर, आजीविका और व्यवसाय के साथ बढ़ने में मदद करने के लिए मार्गदर्शन करेगा।"*

# स्वावलम्बी भारत अभियान

स्वदेशी • उद्यमिता • सहकारिता

# CONCEPT NOTE

Swavalambi Bharat Abhiyaan (MySBA) - Digital



## उद्यमिता (Entrepreneurship)

- Business Ideas
- Mentoring
- Schemes & Support
- Marketing Assistance

## स्वरोजगार (Self Employment)

- Internship
- Training & Skill
- Finance Links
- Marketing Assistance

## नौकरियाँ (Jobs)

- Employment News
- Forum & Events
- Counseling
- Training & Skill

**आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक व धार्मिक संगठनों द्वारा संचालित**


## Swavalambi Bharat Abhiyaan

Swadeshi Jagaran Manch

**Office Address :** Dharmakshetra, Shiv Shakti Mandir, Babu Genu Marg, Sector 8, Rama Krishna Puram, New Delhi, Delhi 110022

**Website :** www.mysba.co.in

**Mail Us :** info@swadeshionline.in

**Call Us :** +91 11 2618 4595